सार-समाचार

पत्रकारों ने रोष जताया

धोरीमन्ना, (कासं)। धोरीमन्ना उपखंड मुख्यालय पर 25 जून रात्रि को कृषि उपज मंडी परिसर में मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजनान्तर्गत सहायता समिति की बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई, उपखंड अधिकारी भागीरथराम विश्नोई, कृषि विभाग के सचिव जितेन्द्र सिंह चारण, धोरीमन्ना पुर्व सरपंच सुखराम बिश्नोई, मगाराम नैण, अनिल सेठिया,लालाराम चौधरी सहित कई लोग उपस्थित रहे। कृषि मंडी परिसर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि राज्य एवं केन्द्र सरकार किसानों के लिए हर तरह की योजनाएं लागू कर किसानों को फायदा पहुंचाने का कार्य कर रही है । वही कृषि कार्य करते हुए किसानों के साथ अकस्मात दुर्घटना के क्लेम को लेकर कई किसानों के परिवारों को चेक वितरण किए गए। मंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई ने सम्बोधन पूरा करने के बाद बैठक में आये सभी पत्रकारों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को कहा कि सभी अपने अपने मोबाइल फोन बंद करें ओर वीडियो ओर फोटो नहीं ले। उसके बाद मंत्री ने उपस्थित फरियादियों की जनसमस्याएं सुनने के साथ उनकी एप्लीकेशन लेने लगे। ज्यादा भीड़ को देखते हुए मंत्री भड़क गए ओर फरीयादियों को कहा कि अपनी अपनी समस्या देकर बाहर निकल जाएं। ऐसे में उपस्थित एक पत्रकार ने मंत्री के तेवर एवं फरीयादियों के साथ ऐसा व्यवहार को देखकर वीडियो बनाना शुरू किया तो मंत्री ने देख उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि इनका मोबाइल छीन लो और बंद कर दें। काफी देकर तक पत्रकार के साथ भाजपा के मंत्री एवं कार्यकर्ता माथापच्ची कर निकल गए।

रेजिडेंट डॉक्टर्स ने हड़ताल शुरू की

जोधपुर, (कासं)। डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज में रेजिडेंट डॉक्टर्स ने आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। उदयपुर में डॉ. रवि शर्मा की वाटर कूलर में करंट लगने से हुई मौत के विरोध में रेजिडेंट्स ने ओपीडी और वार्ड कार्यों का बहिष्कार किया है। हालांकि आईसीयू, ईओटी, लेबर रूम और इमरजेंसी सेवाएं यथावत जारी हैं। रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के महासचिव रणजीत चौधरी के अनुसार, जोधपुर के रेजिडेंट डॉक्टर्स पिछले दो दिनों से दो घंटे की हड़ताल पर थे। 18 जून को हुई डॉ. रवि की मौत के विरोध में 25 जून से कोटा, बीकानेर, अजमेर और झालावाड़ के रेजिडेंट्स भी आंदोलन में शामिल हो गए हैं। एसएमएस जयपुर में भी दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल की जा रही है। रेजिडेंट डॉक्टर्स की मांग है कि दुर्घटना के लिए जिम्मेदार व्यक्ति या विभाग पर कठोर कार्रवाई हो। डॉ. रवि शर्मा के परिवार को उचित मुआवजा और सहायता, भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं। डॉ. चौधरी ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन इस संवेदनशील मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेता, तो आपातकालीन सेवाएं भी बंद की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन केवल एक डॉक्टर की दुर्घटना का नहीं, बल्कि पूरे रेजिडेंट डॉक्टर समुदाय की सुरक्षा और सम्मान का मुद्दा है।

जोधपुर-रामदेवरा स्पेशल ट्रेन चलेगी

जोधपुर, (कासं)। रेलवे द्वारा रामदेवरा मंदिर के जातरुओं के आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 26 जुलाई और और 9 अगस्त को जोधपुर-रामदेवरा-जोधपुर स्पेशल ट्रेन संचालित करने का निर्णय लिया गया है। जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने बताया कि रामदेवरा मंदिर के दर्शन के लिए जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा 26 जुलाई व 9 अगस्त को एक-एक ट्रिप अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रेन 04833, जोधपुर-रामदेवरा स्पेशल 26 जुलाई व 9 अगस्त को जोधपुर से सुबह 10.50 बजे प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे रामदेवरा पहुंच जाएगी,जबकि वापसी में ट्रेन 04834,रामदेवरा-जोधपुर स्पेशल रामदेवरा से उसी दिन दोपहर 3.20 बजे प्रस्थान कर शाम 7.15 बजे जोधपुर पहुंच जाएगी।ट्रेन दोनों ट्रिप में आवागमन के दौरान राई का बाग, मंडोर,मारवाड़ मथानिया, ओसियां, मारवाड़ लोहावट,फलोदी व रामदेवरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी तथा इसमें यात्रियों के लिए 8 जनरल श्रेणी और दो गार्ड एसएलआर सहित कुल 10 डिब्बे होंगे।

277 वाहनों की चैकिंग, 133 फोटो मिलान

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस ने गुरूवार की शाम सात से रात 11 बजे फिर रात 12 से तडक़े पांच बजे तक नौ घंटों को अभियान चलाकर संदिग्ध वाहनों की चैकिंग के साथ शराब पीकर वाहन चलाने वालों की धरपकड़ की। पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह के निर्देशानुसार अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं यातायात नियमों की पालना के लिए गुरूवार को शाम 7 बजे से रात 11 बजे और रात 12 से तडक़े 05 बजे तक संदिग्ध वाहनों की चैकिंग, शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों व राजकोप ऐप पर संदिग्ध व्यक्तियों के फोटो मिलान कर संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। आयुक्तालय क्षेत्र के जिला पूर्व एवं जिला पश्चिम में कुल 277 संदिग्ध वाहन चैक किए गए तथा राजकोप ऐप पर कुल 133 संदिग्ध व्यक्तियों का फोटो मिलान के साथ 18 संदिग्ध व्यक्तियों का पर्चा बी भरा गया। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों 60 पुलिस एक्ट में 09 , शराब पीकर वाहन चलाने वाले 20 वाहन चालकों का 185 एमवी एक्ट, 09 बंपर लगे वाहनों, 07 बिना नंबरी वाहनों, 08 काला शीशा लगे वाहनों, 07 टैक्सी चालकों तथा 04 रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की गई।

खाना खाकर बदमाशों ने नहीं दिया बिल

जोधपुर, (कासं)। शहर के महामंदिर पुलिस थाना क्षेत्र में बनाड़ रोड पर आई एक होटल पर गुरूवार को कुछ लोग खाना खाने पहुंचे। यहां खाना खाने के बाद पैसे मांगने पर मारपीट पर उतारू हो गए। बदमाशों ने होटल स्टाफ के साथ मारपीट की और फिर गाडिय़ों पर सवार होकर भाग निकले। होटल स्टाफ की तरफ से पांच सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है। होटल में लगे सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान के साथ तलाश की जा रही है। महामंदिर पुलिस ने बताया कि मामले में कांगल पीपाड़शहर निवासी राजवीरसिंह पुत्र गजे सिंह की तरफ से रिपोर्ट दी गई। बताया कि बनाड़ रोड पर जोधाणा हेरिटेज होटल पर गुरूवार को पांच सात लोग खाना खाने पहुंचे थे। खाना खाने के बाद जब पैसे मांगे तो पहले बहसबाजी करने लगे फिर मारपीट की और भाग गए। महामंदिर पुलिस ने बताया कि अज्ञात शख्स की पहचान के साथ तलाश की जा रही है।

रामेश्वर महादेव मंदिर का वार्षिकोत्सव

पाली, (नि.सं.)। रामनगर में स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर के द्वितीय पाटो उत्सव एवं ध्वजा रोहण महोत्सव संपन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैलाश देवड़ा व हर्ष गर्ग ने बताया कि अभिजीत मुहूर्त में ज्योतिर्विद पं. महेश श्रीमाली द्धारा वैदिक परंपरा अनुसार मुख्य यजमान सोहनलाल देवड़ा परिवार व घनश्याम गर्ग परिवार द्वारा गणपति पूजन के साथ शिव शक्ति की पूजा अर्चना की और ध्वजा पूजन कर ध्वज चढ़ाया गया। महोत्सव के तहत शिवालय को विशेष फूलों से सजाया गया। तत्पश्चात महाआरती का आयोजन किया गया। कैलाश देवड़ा व हर्ष गर्ग ने बताया कि द्वितीय पाटोत्सव एवं ध्वजारोहण की पूर्व संध्या पर महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

जालोर, (कासं)। चतुर्थ राजस्थान राज्य स्तरीय यूथ जूनियर बालक व बालिका बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए जालोर की टीम रवाना हुई। स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाऊंडेशन के सह प्रशिक्षक मुकेश कुमार राणा ने बताया कि राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ बालक-बालिका बॉल बैडमिंटन 27 जून को सामुदायिक भवन, आर्य समाज पाबूपुरा जोधपुर में प्रारंभ हो कर 29 जून को समाप्त होगी। इस प्रतियोगिता में जालौर से यूथ खिलाडी बालिक 2 जनवरी 2001आयु वर्ग में परी परमार, दिशा, रेणुका, अनीता, अनन्या परमार, मानसी सुन्देशा, हिताक्षी माली भाग लेने के लिए रवाना हुए टीम के साथ टीम मैनेजर यश परमार होंगे । टीम को रवाना कर शुभकामनाए देने के लिए नितेश परमार, उत्तम कुमार, लादूराम, शैतान सिंह, पुष्पेंद्र परमार उपस्थित रहे।

बदले मार्ग से चलेगी जोधपुर-पुरी ट्रेन

जोधपुर, (कासं)। पूर्वी तटीय रेलवे के संभलपुर रेलवे स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य प्रगति के कारण जोधपुर-पुरी-जोधपुर सुपरफास्ट साप्ताहिक ट्रेन के मार्ग परिवर्तन अवधि में 10 ट्रिप और वृद्धि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोधपुर सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा के अनुसार कार्य के कारण ट्रेन 20814,जोधपुर-पुरी सुपरफास्ट 28 जून से 30 अगस्त तक 10 ट्रिप तथा 20813,पुरी-जोधपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट 2 से 27 जुलाई तक 9 ट्रिप और परिवर्तित मार्ग सरला-संभलपुर होकर संचालित की जाएगी।

23 ग्राम पंचायतों में अंत्योदय संबल पखवाड़े के शिविर लगे

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान शुक्रवार को 23 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांन्वित किया गया।

पखवाड़े के दौरान शुक्रवार को जालोर उपखण्ड की सियाणा व चूरा, आहोर उपखण्ड की भैंसवाड़ा, गोदन, उण व सुगालिया जोधा, बागोड़ा उपखण्ड की बागोड़ा व बिजलिया, सायला उपखण्ड की जालमपुरा, डाबली व खेतलावास, भीनमाल उपखण्ड की बोरटा व भागलभीम, जसवंतपुरा उपखण्ड की पावली व मोदरा, रानीवाड़ा उपखण्ड की दईपुर, जालेरा खुर्द व तावीदर, चितलवाना उपखण्ड की खेजडियाली व खासरवी तथा सांचौर उपखण्ड की सुरावा, चौरा व जैलातरा ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ्ढी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया गया।

पखवाड़े के दौरान रानीवाड़ा पंचायत समिति की दईपुर ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में दईपुर निवासी विधवा महिला हुआ देवी व सरनाऊ पंचायत समिति की सरनाऊ ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में वणदेव ग्राम निवासी विधवा महिला गजरा देवी को राज्य सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत संचालित मुख्यमंत्री एकल नारी पेंशन योजना से उन्हें एक नई आशा मिली। दईपुर ग्राम निवासी हुआ देवी के पति के मृत्यु हो चुकी है तथा उसकी 3 पुत्रियाँ शादी होने से ससुराल चली गई। हुआ देवी को एकल नारी पेंशन मिल रही थी किन्तु पैरों से चल नहीं सकने के कारण समय पर वार्षिक सत्यापन नहीं करवाया जिससे उसकी पेंशन बंद हो गई। शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्मिक अशोक कुमार गोयल को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने विकास अधिकारी सुश्री हेमलता विश्नोई के निर्देशानुसार वृद्धा हुआ देवी के घर जाकर उनका वार्षिक सत्यापन किया जिससे उनकी पेंशन पुन: शुरू हो गई। हुआ देवी ने पेंशन पुन: शुरू होने पर राज्य सरकार द्वारा आयोजित हो रहे पखवाड़े की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

इसी प्रकार सरनाऊ पंचायत समिति की वणदेव गांव निवासी गजरा देवी मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रही थी किन्तु एक दिन पैर फिसलने के कारण उसके पैर में चोट आई तथा एक हाथ टूट गया। उम्र अधिक होने के कारण उसकी पैर व हाथ की हड्डियां जल्दी जुड़ नहीं सकी । जिसके कारण वह समय पर अपना वार्षिक सत्यापन नहीं करवा पाई तथा उसको मिल रही पेंशन बंद हो गई। ग्राम पंचायत को जब इस बारे में जानकारी मिली तो ग्राम विकास अधिकारी ने वृद्धा गजरा देवी के घर जाकर वीडियो कॉलिंग के माध्यम से विकास अधिकारी से बात करवा पेंशन का वार्षिक सत्यापन करने का अनुरोध किया।

विकास अधिकारी के निर्देशानुसार गजरा देवी के घर जाकर सामाजिक सुरक्षा पोर्टल पर वार्षिक सत्यापन किया गया। जिससे गजरा देवी को अब पुन: पेंशन मिल सकेगी।

गौरतलब है कि भारत सरकार के पंचायतीराज मंत्रालय की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के अधीन आबादी भूमि का ड्रोन सर्वेक्षण करवाकर वहाँ बसे परिवारों को उनकी प्रोपर्टी के कार्ड/पट्टा वितरण कर वैधानिक हक दिया जा रहा है। यह योजना आबादी भूमि में रहने वाले लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 28 जून को जालोर उपखण्ड की मडगांव व रेवत, आहोर उपखण्ड की भंवरानी, रायथल, ओडवाड़ा व बावड़ी, सायला उपखण्ड की जीवाणा, आलवाड़ा व मेंगलवा, जसवंतपुरा उपखण्ड की पुरण व जोडवाड़ा, रानीवाड़ा उपखण्ड की कुड़ा, करवाड़ा व दांतवाड़ा, चितलवाना उपखण्ड की झाब, गुडाहेमा व ईटादा तथा सांचौर उपखण्ड की लाछीवाड़, पमाणा व खारा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

डिस्कॉम के एस.ई. ने शिविर का अवलोकन किया

जालोर, (कासं)। जोधपुर विद्युत वितरण प्रसारण निगम लिमिटेड के अधिशाषी अभियंता वी.आर.गर्ग, लेखाधिकारी धीरज दवे व समाज सेवी मुरलीधर शर्मा ने आर्य वीर दल के 7 दिवसीय आत्म रक्षा, चरित्र निर्माण,संस्कार व योग शिविर का अवलोकन किया।

शिविर संयोजक भरत कुमार भादरु व सह सयोजक जगदीश आर्य ने बताया कि शिविर लाल पोल स्थित आर्य सुभाष व्यायाम शाला मैं 22 जून से चल रहा है। जिसमें लगभग सौ बालक बालिकाएं भाग ले रहे है। अधिशासी अभियंता गर्ग ने शिविर की मुक्ति कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि आर्य वीर दल युवाओं को संस्कारिक करने का काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से छात्र-छात्राएंवैदिक धर्म के बारे में भी जान सकेंगे। लेखा अधिकारी दवे ने कहा कि शिविर व्यक्तित्व विकास में सहायक होगा।समाजसेवी समाजसेवी शर्मा ने हर संभव सहायता देने का भरोसा जताया। उन्होंने बताया कि सुबह व शाम 6 बजे से 8 बजे तक विभिन्न सत्रों में आसन, प्राणायाम,योग, कमांडो ट्रेनिंग, शाखा संचालन, लाठी एवं तलवारबाजी का प्रशिक्षण जोधपुर के दक्ष प्रशिक्षक उम्मेद सिंह आर्य, आर्ष गुरुकुल महाविद्यालय,आबू पर्वत के नेमीचंद आर्य व सूरज आर्य द्वारा दिया जा रहा है।

इस अवसर पर आर्य वीर दल के अधिष्ठाता विनोद आर्य, आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य, आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, आर्य वीर दल के संचालक प्रशांत आर्य, महामंत्री शिवदत्त आर्य, संगठन मंत्री कांतिलाल आर्य, पूर्व पार्षद फूलाराम प्रजापत, शाखानायक कन्हैयालाल मिश्रा, गणपत आर्य, पूर्व संचालक छगन मीणा, मोहनलाल भादरू, छगननाथ, समाजसेवी डूंगाराम सुथार, भंवर सिंह भाटी,सोम शर्मा उपस्थित रहे । संयोजक भादरु ने बताया कि 28 जून को शाम 6 बजे शिविर का समापन होगा। जिसमे सात दिवस सीखे गये कार्यो का प्रदर्शन होगा। इस मौके पर जालोर, सिरोही,पाली, बालोतरा जोधपुर के आर्य वीर दल के पदाधिकारी व अभिभावक उपस्थित रहेंगे।

परशुराम महादेव पैदल यात्रा का न्योता दिया

जोधपुर, (कासं)। जोधाणा धर्मार्थ सेवा संस्थान द्वारा संचालित बाबा परशुराम महादेव पैदल यात्रा 19 जुलाई को जोधपुर से रवाना होगी। इसके आमंत्रण पत्र की पहली प्रति जोधाणा धर्मार्थ सेवा संस्थान के भक्तों ने भगवान परशुराम महादेव को समर्पित कर यात्रा का न्योता दिया।

प्रवक्ता जयसिंह कच्छावाहा ने बताया कि 28 वर्षों से यह पैदल यात्रा निकाली जा रही है। हर वर्ष यात्रा को लेकर संस्थान द्वारा प्रकाशित पत्रक की पहली प्रति भगवान परशुराम महादेव को समर्पित कर आमंत्रण दिया जाता है।

इसी कड़ी में अध्यक्ष शंकर लाल कच्छावाह,उपाध्यक्ष पुखराज गहलोत, कोषाध्यक्ष जयसिंह कच्छावाह, मेला अधिकारी शिव सिंह कच्छवाहा, मेला संयोजक सुरेन्द्र सिंह चौहान, सचिव प्रमोद कुमार सॉखला,पवन सॉखला, हरिनंदन कच्छवाह,जयदिप कच्छवाह, अनुराग सांखला, दिनेश सोलंकी, महेन्द्र सिंह राठौड़ सहित एक भक्त मंडल परशुराम महादेव पहुंचा तथा भोलेनाथ को यात्रा का न्योता दिया।

कच्छावाहा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी 19 जुलाई को शाम छह बजे शिव मन्दिर बनावता का बेरा, चैनपुरा से संघ के अध्यक्ष शंकरलाल कच्छवाहा द्वारा पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा को रवाना किया जाएगा।

यह शोभायात्रा विभिन्न मांगों से होते हुए लाल सागर स्थित हनुमानजी के मन्दिर पर पहुंचेगी। यहां रात्रि को भक्ति संगीत संध्या का आयोजन रखा गया है।

इस भजन संध्या में राजस्थान के तीन दर्जन से अधिक कलाकार शिरकत करेंगे। इसके बाद 20 जुलाई को सुबह चार बजे लाल सागर से पैदल यात्रा आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

खेजड़ी काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

जालोर, (कासं)। जालोर जिले भाद्राजून पुलिस थाना में एक महिला द्वारा राज्य वृक्ष काटने से रोकने पर लज्जा भंग कर मारपीट करने के आरोपियो के खिलाफ कार्यवाही नही होने पर एसपी जालोर को न्याय की गुहार लगाकर आरोपियों के खिलापु सख्त कार्यवाही करने की मांग की गई।

पीडिता जसोदा पत्नि बाबूलाल, जाति सरगरा, निवासी यलदरा, पुलिस थाना भाद्राजून, जिला जालोर ने एसपी को शिकायत पेश कर बताया कि उसने 14 मई को पुलिस थाना भाद्राजून में रिपोर्ट देकर बताया कि उसका खेत भाद्राजून में है। दोपहर मे खेत पर माठ को तोड कर उस पर खडे राज्य वृक्ष खेजड़ी के अलावा अरवजीया व अन्य पेडो की कटाई की गई। राज्य वृक्ष काटने वाले पडौस के खातेदार भरत कुमार पुत्र भैराराम व भेराराम पुत्र लसाराम चौधरी निवासी रूडमाल की ढाणी खडे थे, तथा पेड काटकर माठ तोडने का आलौबा देने पर भरत कुमार ने जाति सूचक शब्दो से अपमानित कर उसके साथ मारपीट कर छेडछाड कर लज्जा भंग की। उसके बाद उन लोगों से जान बचाकर वहा से आ गई। पीड़िता ने बताया कि उसके पति बाहर राज्य मे मजदूर करते है तथा उक्त लोग जान से मारने की धमकियां देते हैं। उक्त प्रकरण दर्ज करने के बाद भाद्राजून पुलिस थाना के अनुसंधान अधिकारी द्वारा उक्त मुलजिमान से मिलावट कर उन्हे बचाने का प्रयास कर रहे है। तथा अनुसंधान द्वारा कोई कार्यवाही नही होने से पीडिता डर के सायमे रह रहे है। एसपी ने पीडिता की रिपोर्ट के बाद मुलजिमान के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये, लेकिन एसपी के निर्देश के बावजूद राज्य वृक्ष खेजडी को काटने व महिला से मारपीट, लज्जा भंग के मुलजिमान पर कार्यवाही नहीं की जा रही है।

ग्रामीणों में उत्साह

बालोतरा, (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत शुक्रवार को बालोतरा जिले की 17 ग्राम पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का सीधा और त्वरित लाभ मिलने से उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कलैक्टर सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार राजस्व, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, कृषि और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। भाखरी खेडा, जागसा, कितपाल, नगोणी धतरवालों की ढाणी, बायतु चिमनजी, परेउ, मेघवालों की बस्ती, केसुम्बला भाटियान, सिणेर, नाल, मिठौडा, रातडी, कंमों का बाडा, बामणी, होडू, सडा धनजी एवं दरगुडा में शिविर में शिविर आयोजित हुए।

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर के धान मंडी चौक स्थित जगदीश मंदिर से हर वर्ष की भांति इस बार भी अग्रवाल पंचायत की ओर से भगवान जगन्नाथ की यात्रा धूमधाम से निकाली गई।

भगवान के रथ पर जगन्नाथ जी बहन सुभद्रा, बलभद्र जी की प्रतिमा रखकर रथ को रंग बिरंगी रोशनी से सजाकर शाम 8:00 बजे आरती कर यहां से बैंड बजे के साथ रथ यात्रा शुरू हुई। लकड़ी के बने कलात्मक12 पहिए के रथ को श्रद्धालु खींचकर चला रहे थे। भगवान जगन्नाथ के जयकार लगाते चल रहे थे। जगह-जगह भगवान की आरती हुई। रथ यात्रा धान मंडी से घी का झंडा पटवा बाजार होते हुए सर्राफा बाजार पहुंची। जहां मौसी के घर रात्रि विश्राम होगा। शनिवार को वापस रथ यात्रा शुरू होकर पानी दरवाजा स्थित गोपीनाथ मंदिर ननिहाल पहुंचेगी।

सी.आर. चौधरी ने किसानों से संवाद किया

जैसलमेर, (नि.सं.)। राजस्थान किसान आयोग अध्यक्ष सी.आर. चौधरी ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा राजस्थान किसान आयोग का गठन किया गया है। राजस्थान किसान आयोग अध्यक्ष चौधरी ने शुक्रवार को जैसलमेर स्थित जैन भवन के सभागार में आयोजित किसान संवाद कार्यक्रम में किसानों से संवाद किया।

उन्होंने कहा कि आयोग राज्य सरकार एवं किसानों के बीच एक कड़ी है। इसका उद्देश्य किसानों की मांगों एवं समस्याओं को राज्य सरकार तक पहुंचाना और उनका उचित समाधान निकालना है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा किसानों की उन्नित एवं समृद्धि के साथ ही कृषक हित में लगातार नवीन किसान कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अच्छे उत्पादन के लिए किसानों को आसानी से उच्च गुणवत्ता का बीज उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर ऐसी व्यवस्था विकसित करें कि किसानों को उनकी उपज की बिक्री के समय बाजार मूल्य की जानकारी समय पर मिले ताकि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके।

जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी ने जिले के बरानी क्षेत्र में भी नहरी क्षेत्र की तरह डिगिया स्वीकृत कराने , सोलर स्कीम पर अनुदान बढ़ाने, पशुपालकों को थारपारकर नस्ल के सांड गाम पंचायतों में निशुल्क उपलब्ध कराने की आवश्यकता जताई। उन्होंने खड़ीन क्षेत्र में बरसाती पानी के संग्रहण के लिए एनीकट का निर्माण तथा खाद के लिए रेलवे की रेक जैसलमेर में उपलब्ध कराने का सुझाव दिया।

इस मौके पर समाजसेवी दलपत हिंगड़ा, कवराजसिंह चौहान, हिमताराम चौधरी, अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार बीकानेर टी.के.जोशी, संयुक्त निदेशक कृषि जे.आर.भाकर सहित जिले के किसान उपस्थित थे। उन्होंने अपनी ओर से सुझाव दिए।

चुग्गा गृह पर नवनिर्मित टीन शेड का लोकार्पण

जालोर, (कासं)। भारत विकास परिषद् के संस्थापक डॉ .सूरज प्रकाश की 105 वीं जयंती पर शुकवार को परिषद की जालोर शाखा की ओर से श्रीभूतेश्वर महादेव मुक्तिधाम में संचालित कबूतरों के चुग्गा गृह पर नवनिर्मित टीन शेड का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में नगर परिषद् के पूर्व उपसभापति अंबालाल व्यास, समाजसेवी समेला राम माली,राष्ट्रीय स्वयंसेवक के विभाग कार्यवाह जगदीश सोनी व ठाकराराम तथा मुक्तिधाम के व्यवस्थापक कालूराम सुंदेशा व नेनाराम उपस्थित थे।

शाखा के अध्यक्ष राजेंद्र भूतड़ा ने बताया की परिषद् की प्रेरणा से स्व. पीराराम माली की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी बादामी देवी एवं उनके पुत्र - पुत्र वधु मदनलाल माली एवं हंजादेवी तथा उनके परिवार द्वारा भामाशाह के बतौर मुक्तिधाम में परिषद् द्वारा संचालित कबूतरों के चुग्गा गृह पर टीन शेड बनाकर परिषद् को भेंट किया।

इस अवसर पर परिषद् की ओर से भामाशाह परिवार का अंग वस्त्र पहनाकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया।

इस दौरान परिषद् सदस्यों के सहयोग से पहले दिन ही 1400 किलोग्राम अनाज चुग्गा भी मुक्ति धाम में भेंट किया गया।

इस तरह यह चुग्गा गृह अब भारत विकास परिषद् की ओर से सेवा का स्थायी प्रकल्प रहेगा एवं पक्षियों के चुग्गा की व्यवस्था भी परिषद् की ओर से की जायेगी । परिषद् के पूर्व प्रान्तीय उपाध्यक्ष (सेवा) पदमाराम चौधरी ने जीवन में सेवा व दान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भामाशाह परिवार का परिषद् की ओर से धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर प्रान्तीय संयोजक सेवा मदनलाल माली, शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र भूतड़ा, सचिव शांतिलाल सोनी, कोषाध्यक्ष शंकर लाल सोलंकी , पूर्व सचिव संतोष कुमार दवे , संयोजक सेवा प्रेम कुमार परमार, संयोजक संस्कार महेन्द्र आनंद वैष्णव, दिनेश सोलंकी , लेहराराम सोलंकी ,रमेश कुमार सोलंकी ,मुकेश कुमार सोलंकी, प्रेम सिंह राठौड , श्यामा भूतड़ा, रेखा सहित कई जने उपस्थित थे।

प्रत्येक शिकायत पर तत्परता से कार्रवाई करें : कुमावत

सुमेरपुर/पाली,(नि.सं.)।पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सुमेरपुर स्थित अपने निजी आवास पर आम नागरिकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनी।

उन्होंने सभी प्रस्तुत प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। श्री कुमावत ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वर्तमान सरकार एक उत्तरदायी, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन के लिए कटिबद्ध है, जिसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल संवाद का जरिया नहीं, बल्कि सुशासन की आधारशिला है, जिसमें नागरिकों की भागीदारी और विश्वास सर्वोपरि है। मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि शासन की सफलता तभी मानी जाएगी जब समस्याओं का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल आदेशों के अनुपालक नहीं, बल्कि शासन की नीतियों के संवाहक भी हैं और जनता की सेवा में उनके व्यवहार में संवेदनशीलता, तत्परता व उत्तरदायित्व का भाव झलकना चाहिए।

जनसुनवाई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि यह लोकतंत्र की आत्मा को जीवंत बनाए रखने का मंच है। जनसुनवाई, सरकार और नागरिकों के बीच मजबूत संवाद का माध्यम है। इससे नागरिकों में यह विश्वास पनपता है कि सरकार उनकी बात सुनती है, समझती है और समाधान की दिशा में कार्य करती है।

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी, बिजली, सड़क, सामाजिक सुरक्षा और राजस्व जैसी आवश्यक सेवाएं प्रत्येक व्यक्ति को सुगमता से उपलब्ध हों। शिक्षा, पंचायती राज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्व, पीडब्ल्यूडी, बिजली वितरण, स्वायत्त शासन, पेयजल आदि विभागों से जुड़ी अनेक शिकायतें प्राप्त हुई। मंत्री ने सभी प्रकरणों को व्यक्तिगत रूप से सुना, वस्तुस्थिति जानी और अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश जारी किए कि समाधान निष्पक्ष, त्वरित और जन संतोष के अनुरूप हो। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों ने मंत्री का स्वागत भी किया।

रक्तदान किया

जालोर, (कासं)। स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के 70वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कचहरी रोड़, जालोर शाखा में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव उपस्थित रहे। कैंप के दौरान कुल 71 यूनिट आमजन द्वारा किया गया